**CBSE Class–3 Hindi**
**NCERT Solutions|**
**रिमझिम पाठ- 7. टिपटिपवा**

**कौन-किससे परेशान?**

**प्रश्न- इस कहानी में लगता है सभी परेशान थे| बताओ कौन किससे परेशान था?**

**उत्तर- बुढ़िया** - झोंपड़ी में टपकते हुए वर्षा के पानी से|

**शेर** - ज़ोरदार वर्षा और टिपटिपवा से|

**धोबी** - गधे के गायब होने व न मिलने से|

**पंडित जी** – घर में भरे वर्षा के पानी को उलीचते-उलीचते थकने से|

**मतलब बताओ**

**प्रश्न- नीचे कहानी में से कुछ वाक्य दिए गए हैं| इन्हें अपने शब्दों में लिखो|**

***टिपटिपवा कौन-सी बला है?**

**उत्तर-** कौन-सी बला है टिपटिपवा|

***पत्नी की बात धोबी को जँच गई|**

**उत्तर-** धोबी को पत्नी की बात समझ आ गई|

***शेर बिना चूँ-चपड़ किए भीगी बिल्ली बना धोबी के पीछे-पीछे चल दिया|**

**उत्तर-** धोबी के पीछे-पीछे शेर बिना चूँ-चपड़ किए भीगी बिल्ली बना चल दिया|

***जरा पोथी बाँच कर बताइए वह कहाँ हैं?**

**उत्तर-** वह कहाँ है जरा पोथी बाँच कर बताइए?

**याद करो तो**

**प्रश्न- पोता दादी की गोद में कहानी सुनने के लिए मचल रहा था| तुम किन-किन चीजों के लिए मचलते हो?**

**उत्तर-** मैं भी दादी से कहानी सुनने के लिए मचलता हूँ| मैं उनसे नए-नए खिलौने लाकर देने के लिए, उनके साथ घर से बाहर जाने के लिए उनकी गोद में चढ़ने के लिए व उनके साथ खेलने के लिए मचलता हूँ|

**कौन है टिपटिपवा!**

**प्रश्न- हाँ बचवा, न शेरवा के डर, न बघवा के डर| डर तो बस टिपटिपवा का है|**

***तुम्हारे घर की बोली में इस बात को कैसे कहेंगे?**

**उत्तर-** हाँ बेटा, मुझे न शेर का डर है और न ही बाघ का डर है| मुझे तो बस इस पानी के टपकने का डर है|

***कहानी में टिपटिपवा कौन था? तुम किस-किस को टिपटिपवा कहोगे?**
**उत्तर-** इस कहानी में टिपटिपवा झोपड़ी से टपकता हुआ वर्षा का पानी है| हम धोबी और उसके मोटे लट्ठे को टिपटिपवा कहेंगे|

---

**बारिश**
**प्रश्न- यह कहानी एक ऐसे दिन की है जब मुसलाधार बारिश हो रही थी| अगर मुसलाधार बारिश की बजाए बूँदा-बाँदी होती, तो क्या होता? यदि उस रात बूँदा-बाँदी होती तो क्या होता ?**
**उत्तर-** बुढिया की झोपड़ी में पानी नहीं टपकता व रात को दादी अपने पोते को कहानी सुनाती| शेर वर्षा से घबराकर जंगल से भाग झोपड़ी के पीछे नहीं छिपता और न ही धोबी का गधा खोता और न ही पंडित जी अपने घर से पानी उलीच-उलीच कर थकते, न ही धोबी अपने गधे को ढूँढते हुए शेर के पास पहुँचता और न शेर को अपना गधा समझता| इस तरह कहानी ही नहीं बनती|

---

**तरह-तरह की आवाज़ें**
**प्रश्न- पानी के टपकने की टिपटिप-टिपटिप आवाज़ आ रही थी|**
**उत्तर-** सोचो और लिखो ये आवाज़े कब सुनाई पड़ती हैं|

| | | |
|---|---|---|
| **खर्र-खर्र**<br>तेज़ साँस लेने पर | **भिन-भिन**<br>मक्खी के कान के पास मँडराने पर | **ठक-ठक**<br>दरवाज़े खटखटाने पर |
| **चर्र-चर्र**<br>दरवाज़ा खोलने पर | **भक-भक**<br>आग लगने पर | **तड़-तड़**<br>वर्षा की बूँदों के टीन पर गिरने पर |

---

**खूँटा**
**प्रश्न- धोबी ने शेर को खूँटे से बाँध दिया| सोचो और बताओ, खूँटे से क्या-क्या बाँधा जाता है?**
**उत्तर-** खूँटे से गाय, भैंस, बकरी, ऊँट, बैल, गधा, भैंसा, बछड़ा, हिरन, खच्चर को बाँधा जाता है|

---

**एक से ज़्यादा**
**प्रश्न- एक कहानी - सभी कहानियाँ**
**उत्तर- एक तितली - कई** तितलियाँ
**एक** पत्ती **- दस** पत्तियाँ
**एक चूड़ी - ढेरों** चूड़ियाँ
**एक खिड़की - चार** खिड़कियाँ